Class - IV
Subject - HINDI GRAMMAR

पाठ – 4 संज्ञा

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

क. संज्ञा की परिभाषा लिखिए।

उत्तर किसी भी व्यक्ति, प्राणी, वस्तु, स्थान या भाव के नाम को संज्ञा कहते हैं।

ख. संज्ञा के कितने भेद होते हैं?

उत्तर संज्ञा के पाँच भेद होते हैं –

1. व्यक्तिवाचक संज्ञा
2. जातिवाचक संज्ञा
3. भाववाचक संज्ञा
4. समूहवाचक संज्ञा
5. द्रव्यवाचक संज्ञा

ग. व्यक्तिवाचक संज्ञा किसे कहते हैं?

उत्तर जिस शब्द से किसी विशेष व्यक्ति, वस्तु या स्थान का बोध होता है, उसे 'व्यक्तिवाचक संज्ञा' कहते हैं। जैसे – महात्मा गांधी, लालकिला आदि।

घ. भाववाचक संज्ञा से आप क्या समझते हैं?

उत्तर जिस संज्ञा शब्द से किसी व्यक्ति, वस्तु या स्थान के गुण, दोष, दशा या स्वभाव का बोध होता है, उसे भाववाचक संज्ञा कहते हैं। जैसे – बुढ़ापा, मिठास, बचपन, सरदी आदि।

2. सही कथन पर (✓) और गलत कथन पर (**X**) का चिह्न लगाइए।

क.	नाम शब्द संज्ञा होते हैं।	सही
ख.	हर वस्तु का नाम नहीं होता है।	गलत
ग.	मेट्रो भाववाचक संज्ञा है।	गलत
घ.	नदी जातिवाचक संज्ञा है।	सही
ङ	संज्ञा के तीन ही भेद होते हैं।	गलत

3. रंगीन (रेखांकित) शब्द संज्ञा का कौन–सा भेद है? सही विकल्प पर शुद्ध का निशान लगाइए।

क. हाथी जंगल में घूम रहा है।

व्यक्तिवाचक संज्ञा   जातिवाचक संज्ञा   भाववाचक संज्ञा

उत्तर जातिवाचक संज्ञा

ख. रजत शर्मा भाषण दे रहे हैं।

व्यक्तिवाचक संज्ञा   भाववाचक संज्ञा   जातिवाचक संज्ञा

उत्तर व्यक्तिवाचक संज्ञा

ग. केले में बहुत मिठास होती है।

व्यक्तिवाचक संज्ञा   जातिवाचक संज्ञा   भाववाचक संज्ञा

उत्तर भाववाचक संज्ञा

घ. मक्खियाँ मिठास की तरफ अपने आप आ जाती है।

व्यक्तिवाचक संज्ञा   भाववाचक संज्ञा   जातिवाचक संज्ञा

उत्तर जातिवाचक संज्ञा

4. नींचे दिए गए शब्दों को उनके उचित स्तंभों में लिखिए –

कक्षा, गंगा, नदी, पहाड़, सोना, नरेंद्र मोदी, चाँदी, युवराज, रामनाथ कोविंद, मेज, भीड़, कुत्ता, घर, अच्छाई, बचपन, तेल, आगरा, मित्रता, बुढ़ापा, चाबी का गुच्छा, सभा, पानी, दूध, वीरता, दल।

व्यक्तिवाचक	जातिवाचक	द्रव्यवाचक	भाववाचक	समूहवाचक
गंगा	नदी	सोना	अच्छाई	कक्षा
नरेंद्र मोदी	पहाड़	चाँदी	बचपन	भीड़
युवराज	मेज	तेल	मित्रता	चाबी का गुच्छा
रामनाथ कोविंद	कुत्ता	पानी	बुढ़ापा	सभा
आगरा	घर	दूध	वीरता	दल

5. दिए गए शब्दों से भाववाचक संज्ञाएँ बनाइए।

क. मित्र – मित्रता

ख. पशु – पशुत्व

ग. पढ़ना – पढ़ाई

घ. भला – भलाई

च. बच्चा – बचपन

छ. मनुष्य – मनुष्यता

ज. लिखना – लिखावट

झ. महान – महानता